# कलक्टर की पहल पर चमचमाने लगी राजसमंद की सड़कें

**राजसमंद,** ०(निसं)। कलक्टर बालमुकुंद असावा की पहल पर शहर की सफाई व्यवस्था में चार चांद लगते दिखाई दे रहे हैं।

ज्वॉइन करने के बाद जब कलक्टर बालमुकुंद असावा ने अपनी पहली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली थी, तब नगर परिषद को विशेष तौर पर निर्देश दिए थे कि विस्तृत प्लान तैयार कर शहर में सफाई अभियान मिशन मोड पर चलाया जाए। इसका गहनता से पर्यवेक्षण एवं आकस्मिक निरीक्षण भी टीमों द्वारा किया जाए। बैठक में नगर परिषद द्वारा भी जी-जान से अभियान में जुट जाने के लिए कलक्टर को आश्वस्त किया गया था। निर्देशों की अनुपालना में नगर परिषद ने भी कमर कसते हुए अपने नियमित सफाई व्यवस्था को और मजबूत करते हुए अभियान शुरू किया था जो निरंतर जारी है। अभियान के तहत सफाई कार्य होने से शहर के सभी प्रमुख मार्ग जैसे- 1०० फीट रोड, राजनगर-कांकरोली रोड, जल चक्की-नाथद्वारा रोड, टीवीएस चौराहा, मुखर्जी चौराहा आदि क्षेत्रों में सडकें चमचमाने लगी हैं। जहां पहले पुरानी अटी पडी गंदगी दिखाई देती थी, वहां अब सफाई नजर आ रही है। नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय एवं अधिशाषी अभियंता तरुण बाहेती भी प्रतिदिन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई कमी न रहे। इसके लिए दोनों अधिकारी दिन में अलग-अलग समय कार्मिकों से संवाद कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं ताकि अभियान धीमा न पडे। नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता बाहेती ने बताया कि कुल 55-55 सफाई कर्मियों की दो टीमें गठित की गई हैं जो अलग-अलग शिफ्ट में सफाई कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही दो जेसीबी और चार ट्रैक्टर भी टीमों को दिए गए हैं। वैसे तो सफाई कार्य वर्ष पर्यंत जारी रहता है किन्तु 1 से 15 अक्टूबर तक विशेष अभियान के रूप में शहर की सफाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही दुकानदारों, आमजन को भी कचरा न फैलाने के लिए पाबंद किया जा रहा है। अभियान में आमजन का भी सहयोग मिल रहा है।

- नगरपरिषद की 55-55 सफाईकर्मियों की दो टीमें निरंतर कर रही शिफ्ट में काम
- कलक्टर बालमुकुंद असावा खुद भी कर रहे मॉनिटरिंग



राजसमंद शहर में सफाई अभियान के बाद दिखाई दे रही चमकती हुई सड़कें।

कलक्टर असावा स्वयं भी शहर में सफाई व्यवस्था को मॉनिटर कर रहे हैं। जहां कहीं भी उन्हें स्वयं को कमी नजर आती है वहां से तुरंत नगर परिषद को अवगत कराते हुए व्यवस्था दुरुस्त कराते हैं। आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर परिषद द्वारा यह कार्य पूरी तन्मयता एवं आमजन की अपेक्षा अनुरूप करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला कलक्टर का मानना है कि मानव जीवन में स्वच्छता का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक होती है बल्कि मानसिक और सर्वांगीण कल्याण के लिए भी सहायक है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है। संक्रामक रोगों का प्रसार कम होता है। नियमित सफाई और स्वच्छ आदतों को जीवन में अपनाना आवश्यक है।

## अफीम की तस्करी करते एक गिरफ्तार

**कपासन,** (निसं)। कपासन में अफीम की तस्करी करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बाइक के लेग गार्ड पर लगे बैग में अफीम छिपाकर तस्करी कर रहा था। जिसे नाकाबंद में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 508 ग्राम अफीम जब्त की गई है। एसएचओ रतन सिंह ने बताया कि लॉकल और स्पेशल एक्ट की कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के गांव धमाणा से सेजगरिया मार्ग पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान गांव धमाणा की ओर से उदयलाल ढोली निवासी तस्वारिया बाइक लेकर आता दिखाई दिया। जो पुलिस को देख कर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। उसकी बाइक की तलाशी ली गई।

# गिट्स ने की पांच गांवों के विकास की पहल

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर उन्नत भारत अभियान के तहत ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के माध्यम से गिट्स ने पांच गांवों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करने का निर्णय लिया है।

संस्थान के निदेशक डॉ एन एस राठौड ने बताया कि उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य गांधी जी के दृष्टिकोण के अनुसार आत्मनिर्भर श्ग्राम गणराज्योंश् का निर्माण करना है। वर्तमान में भारत की 7०: जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और हमारे श्रम बल का 51: कृषि अर्थव्यवस्था में संलग्न हैए जबकि इसका योगदान भारत के जीडीपी में केवल 17: है। ग्रामीण और शहरी भारत के बीच स्वास्थ्यए शिक्षाए आय और बुनियादी सुविधाओं के मामले में मौजूद असमानताएं के बीच सामंजस्य बैठाना है। उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को बेहतर बनाना और विकास की प्रक्रियाओं में परिवर्तन लाना है। गिट्स ने इस दिशा में अपने अपने संस्थानों का उपयोग करते हुए गाँवों के विकास के लिए एक कार्ययोजना बनाई है।इस पहल के तहत गांवों में शिक्षाए स्वास्थ्यए कृषि और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा क्योंकि कि स्थानीय संसाधनों का सही उपयोग और ज्ञान का प्रसार ही ग्रामीण विकास में वास्तविक परिवर्तन ला सकता है। संयोजक डॉ विशाल जैन के अनुसार कार्यक्रम के तहत विकास के लिया महाराज की खेडी देबारी गुडली नांदवेल और मेडता ग्राम को गिट्स के द्वारा गोंद लिया गया है। इन ग्रामो के सरपंचो के साथ विचार विमर्श करके विकास का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

इस अवसर पर संस्थान के वित्त नियंत्रक बी एलजांगीड ने कहा कि हमारा लक्ष्य इन गांवों में स्थायी विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना है। हम ग्रामीणों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि वे अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें।

## सफाई और पेयजल व्यवस्था चरमराई

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर से सबसे करीब ग्राम पंचायत बड़गांव में इन दिनों सफाई व्यवस्था और पेयजल वितरण व्यवस्था चरमराई हुई है। बड़गांव सरपंच संजय शर्मा ने इस पर चिंताते हुए जिला प्रशासन और उदयपुर विकास प्राधिकरण से यूडीए कनवर्ट कॉलोनियों में जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है।

समस्या समाधान के लिए मंगलवार को बड़गांव सरपंच संजय शर्मा, पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास ने एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को बताया कि बड़गांव-बेदला लिंक रोड सहित कई कॉलोनियों में पिछले कई दिनों से सफाई व्यवस्था ठप है। इस कारण आमजन परेशान है और लोगों में डेंगू जैसी बीमारी फैलने की चिंता भी बढ़ी हुई है। जनप्रतिनिधियों ने पट्टे से जुड़ी समस्या भी एडीएम को बतायी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कालीभीत,**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापका/2024-25/132 दिनांक:-30.9.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत कालीभीत में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 07.10.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.1 - ZUD2425GLRC01339

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत कालीभीत<br>पंचायत समिति लसाड़िया<br>जिला- सलुम्बर ( राज. ) | ग्राम पंचायत कालीभीत<br>पंचायत समिति लसाड़िया<br>जिला-सलुम्बर ( राज. ) |


## किसान उत्पादक संगठन की आम सभा आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा बीआईएसएलडी बायफ इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबल लाइवलीहुड्स एंड डेवलपमेंट के सहयोग से सचांलित समाधान परियोजना के तहत् राजस्थान ने 6 जिलों में किसानों की आय बढाने के लिए 5 एफपीओ नेतृत्व के विकास पहल की स्थापना की है, जो वित्त वर्ष 2023-2024 में 640 से अधिक शेयरधारकों तक पहुँचा। इन किसान उत्पादक संघों की विभिन्न स्थानों पर वार्षिक आम बैठक आयोजित की गयी जहाँ शेयरधारक और निदेशक मंडल गत वर्ष के कार्यो की समीक्षा और भविष्य के विकास के लिए रूपरेखा तैयार करने हेतु एकत्र हुए। 5 किसान उत्पादक संगठन, भीलवाडा में ताम्बवती नगरी किसान उत्पादक कंपनी जिमसें 1295 शेयरधारक, 16.55 लाख रुपए शेयर पूंजी, 71.39 लाख रुपए बिक्री कारोबार है, चित्तौडगढ में जय चित्तौड किसान उत्पादक कंपनी में 1408 शेयरधारक, 21.08 लाख रुपए शेयर पूंजी, 1.53 करोड रुपए बिक्री कारोबार किया है, राजसमुंद में राजपुरा दरीबा किसान उत्पादक कंपनी में 1501 शेयरधारक, 15.01 लाख रुपए शेयर पूंजी, 61.04 लाख रुपए बिक्री कारोबार है, उदयपुर जिले में घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी में 961 शेयरधारक, 13.42 रुपए शेयर पूंजी, 1.86 करोड रुपए बिक्री कारोबार है और साथ ही जावर माता किसान उत्पादक कंपनी में 1240 शेयरधारक, 6.90 लाख रुपए शेयर पूंजी, 20.08 लाख रुपए बिक्री कारोबार है।

# शहर व देहात कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

- भाजपा सरकार के 10 माह के कुराज में राजस्थान 10 साल पीछे चला गया : फतह सिंह

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान की भाजपा सरकार के 10 माह के कुराज के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि राजस्थान में 'पर्ची सरकार' के 10 माह के कुराज में प्रदेश की जनता अतिवृष्टि,बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते महिला अत्याचार, बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, अघोषित बिजली कटौती के संकट से ग्रस्त है। कांग्रेस पार्टी आमजनता की समस्याओं और तकलीफ में उनके साथ खड़ी है। प्रदेश की गूंगी, बहरी 'पर्ची सरकार' के सामने आमजन की इन समस्याओं के निवारण हेतु आवाज उठाती रहेगी। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उदयपुर देहात एवम उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मिलकर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।धरना प्रदर्शन के बाद उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि प्रदेश में 'पर्ची सरकार' को सत्ता में आए हुए 10 माह से भी अधिक समय हो गया है लेकिन इन 10 महीनो में पर्ची सरकार अपने आंतरिक कलह से ही जूझ रही है। कभी कोई मंत्री मंडल से इस्तीफा दे रहा है तो उनका इस्तीफा स्वीकार ना कर उनके मंत्रालय के कामों को अटका रखा है। और जो मंत्री बने हुए है वो भी अंदरखाने अपने काम ना होने का रोना रो रहे है। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों के आए दिन वीडियो आ रहे है जिनमे वो क्षेत्र में काम ना होने की बात कर रहे है। कुल मिलाकर राजस्थान की ष्पर्ची सरकारष् शासन करने का नैतिक अधिकार खो दिया है। प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई हैए आए दिन महिलाओं पर अत्याचार होने की खबरे आती रहती है। प्रदेश की जनता अघोषित बिजली कटौती की मार झेल रही है। ऐसे में ष्पर्ची सरकार में थोड़ी बहुत भी नैतिकता बाकी रह गई है तो उन्हें प्रदेश की जनता से माफी मांग कर अपना इस्तीफा दे देना चाहिए।उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे ताराचंद मीणा ने कहा कि लोकतंत्र में जनादेश का सम्मान सभी राजनीतिक पाटिर्यों को करना चाहिए।और सरकार में आने के बाद जनहित के कार्य करके उत्तरदायित्व निभाना चाहिए। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार तो पिछले 10 महीनो से सो रही है। भाजपा की 'पर्ची सरकार' को काम नही करना तो उन्हें अपना इस्तीफा देकर सत्ता से बाहर हो जाना चाहिए। कांग्रेस का कार्यकर्ता भाजपा सरकार को 'कुंभकर्णी नींद' से जगाकर मानेगा और आमजनता की समस्याओं के निराकरण लिए सदन से सड़क तक संघर्ष करेगा। उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 माह के कुराज में राजस्थान 10 साल पीछे चला गया। प्रदेश की भाजपा सरकार में किसी को आमजन की समस्याओं से कोई लेना देना नही है। आए दिन महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैए युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है। सरकार के मंत्री खुद अपनी सरकार से संतुष्ट नहीं है। ऐसे में आमजन की सुध लेने वाला कोई नहीं है। लेकिन कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है और इस गूंगी. बहरी सरकार को जगाने का काम करेगी। और अगर भाजपा सरकार ने आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आने वाले समय में ओर भी धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को घेरने का काम करेंगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत घाटा उर्फ सिंघावतों का खेड़ा**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-नि.2024-25/16 दिनांक:-30.9.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत घाटा उर्फ सिंघावतों का खेडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 07.10.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.1 - ZUD2425GLRC01361

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत घाटा उर्फ<br>सिंघावतों का खेडा प.स<br>लसाड़िया जिला-सलुम्बर ( राज. ) | ग्राम पंचायत घाटा उर्फ<br>सिंघावतों का खेडा प.स<br>लसाड़िया जिला-सलुम्बर ( राज. ) |



**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

क्रमांक : न.पा.नाथ/नामा./2024/11483 दिनांक :- 30.9.2024

**आपत्ति सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तानतरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तानतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के सम्बन्ध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रुप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दि जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शीप्रा भाटिया पत्नी श्री राजदीप भाटिया निकुन्ज रिवर रिसोर्ट, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-01 बिच्छु मुंगरी, नाथद्वारा | सार्वजनिक उद्यान | सार्वजनिक छोड रखी दक्षिण शीरे पर 12 फीट उतरी शीरे पर 10 फीट चौड़ी जगह | श्री देवेश सांचीहर एवं श्रीमती आंचल सांचीहर को प्रथम पक्ष विक्रेतागण द्वारा विक्रयकिया गया मकान | आम रास्ता 30 फिट |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Ph.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/11421 दिनांक : 30/9/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण / नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नन्दलाल कुमावत पिता श्री लक्ष्मीलाल कुमावत, फौज मौहल्ला, नाथद्वारा | फौज मौहल्ला, नाथद्वारा | गली 05 फिट | गली 04 फिट | चौक तथा चौक के पूर्वदिशा में मेरे उपरोक्त मकान का भाग जो मैने मेरे भाई श्री रामनारायण के पुत्र श्री नवीन को वसीयत किया गया उससे आगे मन्नालाल का मकान | श्री गिरधारी लाल ज्री कुमावत का मकान |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Ph.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/11573 दिनांक : 01/10/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण / नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिलीप पिता श्री अम्बालाल निवासी लाल बाग, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -ए , नाकोड़ा नगर, नाथद्वारा जिला राजसमन्द | रास्ता 30 फिट | नाथुलाल जी की कृषि भूमि | भूखण्ड संख्या-जे 6 | भूखण्ड संख्या-जे 4 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Ph.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/11477 दिनांक : 30/09/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण / नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती इन्दिरा जोशी पत्नी श्री संजय जोशी बिच्छु मंगरी, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 13 बी बिच्छु मंगरी, तेलियों का तालाब, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-12 | रास्ता 30 फिट | भूखण्ड संख्या-14 | भूखण्ड संख्या-13-ए |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


## शतायु मतदाताओं का सम्मान

**उदयपुर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों में शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल और उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड के निर्देशन में जिले के गोगुन्दा, झाडोल, खेरवाडा, उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर शहर, वल्लभनगर, मावली तथा सलूम्बर विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुख्यालयों पर सम्मान समारोह आयोजित हुए। इसमें क्षेत्र के 100 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके मतदाताओं का पगडी व उपरणा पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें निर्वाचन आयोग की ओर से प्रेषित सम्मान पत्र भेंट किए।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र के लिए मतदाताओं का विशेष महत्व है। वरिष्ठ मतदाता लोकतंत्र की धरोहर हैं। उनका सम्मान लोकतंत्र का सम्मान है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार मंगलवार को जिले भर में वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया गया।


**कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा, ब्लॉक-कोटडा ( उदयपुर )**

क्रमांक:/निविदा/2024-25/33 दिनांक:-01.10.2024

**निविदा-सूचना**

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा, ब्लॉक कोटडा, जिला उदयपुर (राज.) पर वर्ष 2024-25 में इस कार्यालय के अधिन डिलीवरी पोईंट चिकित्सा संस्थान पर सफाई व्यवस्था हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 02.10.2024 से 08.10.2024 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 08.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर निविदा दिनांक 08.10.2024 को ही 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अवधि | अनुमानित लागत ( रूपये में ) | धरोहर राशि ( रूपये में ) | निविदा शुल्क ( रूपये में ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई व्यवस्था (सफाई कर्मचारी मय सफाई सामग्री) | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 180000/- | 3600/- | 400/- रूपया |

**शर्ते :-**

1. धरोहर राशि ''डी.डी.'' द्वारा ''राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा'' के नाम से माण्डवा में देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता किसी भी कार्य दिवस समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा यह किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्ध कर सकता है।
5. दरें संस्थान हेतु देना अनिवार्य होगा।

**सचिव**
**राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी**
**एवं चिकित्सा प्रभारी, माण्डवा**
**ब्लॉक कोटड़ा, उदयपुर**


# सुखाड़िया विवि का दीक्षांत समारोह कल

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में होगा सुविवि का दीक्षांत समारोह
- 85 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व 68 को मिलेगी पीएचडी की डिग्री

**उदयपुर,** (कासं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय का 32वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा के निर्देशन में समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही है मंगलवार को ऑडिटोरियम में पूर्वाभ्यास भी किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ कुंजन आचार्य ने बताया कि दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा जिसमें विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही कार्यक्रम अध्यक्ष राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरीभाऊ किसनराव बागडे विद्यार्थियों को को दीक्षा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति भूविज्ञान विभाग के संस्थापक केपी रोडे की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगी।

दीक्षांत समारोह में कुल 85 विद्यार्थियों को 102 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे जिसमें 16 छात्र तथा 69 छात्राएं शामिल है। इन गोल्ड मेडल में 8 चांसलर मेडल भी शामिल है जिसमें दो छात्र वह 6 छात्राएं है।

इसके अलावा कुल 68 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 35 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहेंगे। उक्त पीएचडी डिग्रियों में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान संकाय में 16-16, वाणिज्य में 14 संकाय में 16 प्रबंधन और विधि में 1-1, मानविकी संकाय में 10,पृथ्वी विज्ञान संकाय में 3 और शिक्षा संकाय में 7 विद्यार्थी शामिल है।